आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के कदमों पर चर्चा की। श्री मोदी ने अपने-अपने राज्यों में शासन को और बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव दिए, और कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर वितरण के लिए संदेश देने पर जोर दिया। पीएम मोदी नई दिल्ली में बीजेपी मुख्यमंत्रियों की परिषद की दो दिवसीय बैठक को संबोधित कर रहे थे, जो कल संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य शासन प्रथाओं और कल्याणकारी पहलों की समीक्षा करना था। बैठक में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह और अमित शाह सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं को बहुत सावधानी से डिजाइन किया जाता है और राज्यों में कार्यान्वयन के दौरान उनके साथ छेड़छाड़ से बचा जाना चाहिए। बैठक के बाद एक बयान में, पार्टी नेता विनय सहस्रबुद्धे ने कहा, श्री मोदी ने भाजपा शासित राज्यों में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की संतृप्ति कवरेज सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि उन्हें सुशासन के उदाहरण के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकास कार्यक्रमों और अन्य

प्रयासों में जनभागीदारी पर अधिक जोर देकर देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के प्रयास करने की भी बात कही.

****

पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक मनु भाकर ने दिलाया है। दस मीटर एयर पिस्टल इवेंट में उन्होंने दो सौ 21 दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। मनु भाकर निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाडी हैं। निशानेबाजी में भारत को 12 साल बाद पदक मिला है। मनु ने कहा कि आखिरी निशाने तक उन्होंने पूरा प्रयास किया। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री ने मनु भाकर को ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने पर बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि मनु भाकर पर देश को गर्व है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जगत गुरु संत शिरोमणी ब्रहमानंद महाराज के जीवन का अनुसरण करके जरुरतमंद और गरीब लोगों के जीवन को सरल और सहज बनाने का काम कर रही है। इस सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति के दुख दर्द को समझा और जाना तथा उनकी जरुरतों के अनुसार योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। इस सरकार ने अंतिम व्यक्ति

को सरकार की योजनाओं का 100 फीसदी लाभ देने का काम किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को रात्रि सेक्टर 4, कुरुक्षेत्र में संत शिरोमणि ब्रह्मानंद सरस्वती महासभा की तरफ से आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने जगत गुरु ब्रह्मानंद सदन का शिलान्यास किया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं अपने हाथों से सदन की नींव की ईं रखी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही सांसद नवीन जिंदल और राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने 1111 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष रोशन लाल मेहला, जिप के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी सहित समाज के गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

****

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन श्री हिम्मत सिंह ने बताया कि निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ आयोग सभी सरकारी भर्ती प्रक्रिया में सूचना

प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग कर अभ्यर्थियों को सुविधा प्रदान करा रहा है। शीघ्र ही लगभग 50 हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा।27 जुलाई को 7416 □जी□ी पदों का परिणाम जारी कर दिया है। ज्यों ही सरकार से विभागों में खाली पदों के बारे आयोग को अवगत कराएगी, उसी के हिसाब पदों की भर्ती प्रक्रिया का विज्ञापन प्रकाशित करवा दिया जाएगा। आई□ी के उपयोग से अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सरकारी विभागों की मांग के अनुसार पदों की जानकारी वेबसाइ□ पर डाल दी जाएगी और इन्हीं पास उम्मीदवारों को श्रेणी का विकल्प देना होगा।उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की ओर से दिए जाने वाले प्रतिवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। संपूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करते हुए अब अभ्यर्थियों के प्रतिवेदनों को स्वागत कक्ष में स्थित कंप्यू□रों में दर्ज किया जा रहा है और उन पर सीरियल नंबर अंकित करके इसकी जानकारी अभ्यर्थी को दी जा रही है। साथ ही उन्हें प्रतिवेदन पर की जा रही कार्यवाही और उसकी प्रगति रिपोर्□ की जानकारी भी उम्मदीरवारों के मोबाइल पर दी जा रही है।श्री हिम्मत सिंह ने बताया कि आवेदन पत्र देने का समय किसी भी कार्य दिवस को प्रातः

9:30 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे व दोपहर 2:00 बजे से लेकर सायं 4:30 बजे तक है।आवेदन पत्र आयोग के कार्यालय में रिसेप्शन कक्ष पर विशेष रूप से दो-तीन कर्मचारियों की ड्यू□ी लगाई गई है।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की आपत्तियों की सुनवाई व निप□ान के लिए अलग से ग्रीवेंसी सैल बनाई जाएगी, ताकि लंबित आपत्तियों का शीघ्र निप□ान किया जा सके।श्री हिम्मत ने बताया कि □ीजी□ी के विज्ञापन 2, 2023 के अनुसार रेस्ट ऑफ हरियाणा और मेवात कैडर के उम्मीदवारों के परिणामों का कॉरिजेंडम आज आयोग द्वारा जारी किया गया है। उम्मीदवार अपने रोल नंबर की जानकारी आयोग की वेबसाइ□ पर देख सकते हैं।